RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : रविवार 07 अप्रैल 2024 | वर्ष 05 | अंक 346 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
®
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## शरद पवार को लगेगा झटका!

## बीजेपी में आज वापसी करेंगे एकनाथ खडसे

महाराष्ट्र : महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव से ठीक पहले एनसीपी (एसपी) के प्रमुख शरद पवार को एक और बड़ा झटका लगेगा. एकनाथ खडसे अपनी पुरानी पार्टी में वापसी करने जा रहे हैं. एकनाथ खडसे ने कहा है कि वो बीजेपी में शामिल होने जा रहे हैं. जानकारी के मुताबिक एनसीपी शरद पवार गुट के नेता एकनाथ खडसे रविवार (7 अप्रैल) यानी आज ही बीजेपी में शामिल हो जाएंगे. एकनाथ खडसे ने अपनी राजनीति की शुरुआत बीजेपी से की थी लेकिन देवेंद्र फडणवीस के साथ कुछ मतभेदों के चलते वो शरद पवार की पार्टी एनसीपी में शामिल हो गए थे.



**एकनाथ खडसे की घर वापसी!**

अगर एकनाथ खडसे की घर वापसी होती है तो इससे बीजेपी को उत्तर महाराष्ट्र की सीटों पर उम्मीदवार चुनने में मदद मिलेगी. जानकारी मिली है कि पिछले कुछ दिनों से एकनाथ खडसे राज्य के नेता और केंद्रीय नेतृत्व से बीजेपी में शामिल होने का अनुरोध कर रहे हैं. बताया जा रहा है कि जलगांव जिले के कार्यकताओं से बातचीत के बाद एकनाथ खडसे ने एनसीपी छोड़कर बीजेपी में शामिल होने का फैसला किया.

**रोहिणी खडसे पर शरद पवार क्या लेंगे फैसला?**

पुणे में हुई एनसीपी संसदीय बोर्ड की बैठक में एकनाथ खडसे और उनकी बेटी रोहिणी खडसे दोनों मौजूद थे. हालांकि, शरद पवार गुट की घोषणापत्र समिति में इन दोनों का नाम शामिल नहीं किया गया. अब इस बात पर बहस हो रही है कि ये महज संयोग था या पहले से तय था. अब देखना होगा कि अगर एकनाथ खडसे बीजेपी का दाम थाम लेते हैं तो शरद पवार रोहिणी खडसे के पद को लेकर क्या फैसला लेते हैं.महाराष्ट्र की राजनीति में एकनाथ खडसे को लेकर चर्चा जारी है. एकनाथ खडसे जैसे ही एक बार फिर से अपनी पुरानी पार्टी बीजेपी में शामिल होंगे, उत्तर महाराष्ट्र में राजनीतिक गणित बदल जाएगा. ऐसा कहा जा रहा है कि इस क्षेत्र में बीजेपी एक बार फिर मजबूत स्थिति में होगी.

### एकनाथ खडसे ने क्यों लिया घर वापसी का फैसला?

**महाराष्ट्र के राजनीति गलियारों में चर्चा है कि बीजेपी शुरू से ही एकनाथ खडसे की बहू रक्षा खडसे की उम्मीदवारी का विरोध कर रही थी. इसीलिए एकनाथ खडसे ने ऐलान किया था कि वह एनसीपी से लड़ेंगे. नतीजा ये हुआ कि एकनाथ खडसे की बहू रक्षा खडसे को बीजेपी ने उम्मीदवार बनाया. लेकिन रक्षा खडसे की उम्मीदवारी की घोषणा के बाद, एकनाथ खडसे ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए लोकसभा क्षेत्र से नाम वापस ले लिया. इसलिए इस बात पर चर्चा हो रही है कि क्या रक्षा खडसे की उम्मीदवारी के लिए यह कोई राजनीतिक चाल थी?**

## तय हुआ कल्याण सीट का उम्मीदवार...

### एकनाथ शिंदे के बेटे लड़ेंगे चुनाव; उपमुख्यमंत्री का एलान

**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बेटे और शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे 2024 के लोकसभा चुनाव में कल्याण से चुनाव लड़ेंगे। राज्य उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को इसकी घोषणा की है। इस बीच डिप्टी सीएम ने महायुति गठबंधन में विवाद की अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि श्रीकांत शिंदे कल्याण से महायुति के उम्मीदवार हैं।

**श्रीकांत शिंदे के नाम की घोषणा**

महायुति महाराष्ट्र में भाजपा, एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजीत पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) का गठबंधन है। शिवसेना नेता और महाराष्ट्र के मंत्री संभुराज देसाई ने कहा कि श्रीकांत शिंदे के नाम की घोषणा महायुति गठबंधन में एकता को दर्शाती है। संभुराज देसाई ने कहा 'यह महायुति के लोगों के बीच एकता



को दर्शाता है। भाजपा और शिवसेना भाई-भाई हैं, इसलिए आज देवेंद्र फडणवीस ने कल्याण लोकसभा सीट से श्रीकांत शिंदे की घोषणा की और भाजपा के सभी नेता और कार्यकर्ता श्रीकांत शिंदे के साथ होंगे। यही भूमिका है। हमारी महायुति और यह एक अच्छी बात है।' लोकसभा चुनाव जीतने का विश्वास जताते हुए, शिवसेना नेता ने कहा कि हम 400 से अधिक सीटों के अंतर के साथ एक बार फिर मोदी जी को लाएंगे। हम सभी पीएम मोदी के साथ हैं।

## दहल उठी मुंबई, पैरोल पर छूटकर आये शख्स ने दिन दहाड़े की फायरिंग, एक शख्स जख्मी



**मुंबई:** मुंबई से फायरिंग होने की घटना सामने आई है। दरअसल यहां पैरोल पर छूटकर आये एक शख्स ने दिन दहाड़े गोलीबारी की। इस घटना में एक शख्स जख्मी हो गया। दिल दहला देने वाली यह घटना मुंबई के सायन कोलीवाड़ा में हुई है।इस घटना से इलाके में सनसनी मच गई है। मिली जानकारी के मुताबिक मुंबई के सायन कोलीवाड़ा चर्च के आसपास ये गोलीबारी हुई है।इस घटना के बारे में खबर है कि पैरोल पर छूटकर आये शख्स ने फायरिंग की है। पैसे मांगने पर फायरिंग की गई है। इस गोलीबारी मामले में एंटॉप हिल पुलिस और क्राइम ब्रांच ने जांच शुरू कर दी है।

**क्या है पूरा मामला**

मुंबई के सायन कोलीवाड़ा चर्च इलाके में पैसों के लेनदेन को लेकर आरोपी और पीड़ित के बीच झगड़ा हो गया। इन दोनों के बीच लड़ाई हो गई। फिर इसके बाद आरोपी ने पीड़ित पर गोली चला दी। इस गोलीबारी की घटना में पीड़ित घायल हो गया। ऐसे में पीड़ित को सायन अस्पताल में भर्ती कराया गया है. शनिवार तड़के हुई इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। इससे पहले इस फायरिंग को लेकर एंटॉप हिल मामले में आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 307 और आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी मिल रही है कि इस आरोपी को गिरफ्तार के लिए क्राइम ब्रांच के अधिकारियों ने एक अलग टीम बनाई है।''

## महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे को झटका!

## इस नेता ने थामा शिंदे गुट की शिवसेना का दामन

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव से ठीक पहले नेताओं के दल बदलने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है. महाराष्ट्र में चुनाव से पहले उद्धव ठाकरे गुट की शिवसेना को बड़ा झटका लगा है. महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बबनराव घोलप ने शिव सेना (यूबीटी) से मोह भंग करते हुए शनिवार (6 अप्रैल) को एकनाथ शिंदे गुट वाली शिवसेना का दामन



थाम लिया है. ऐसा माना जा रहा है कि बबनराव घोलप उद्धव ठाकरे की पार्टी से पिछले कुछ वक्त से नाराज चल रहे थे. एकनाथ शिंदे गुट वाली शिवसेना में शामिल होने के बाद महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री

### बबनराव घोलप का उद्धव ठाकरे की पार्टी पर आरोप

**महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बबनराव घोलप ने आगे कहा, ''जब मैंने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी से पूछा कि मुझे क्यों बर्खास्त कर दिया गया. उन्होंने जवाब नहीं दिया, इसलिए मैंने शिवसेना में शामिल होने का फैसला किया. एकनाथ शिंदे ने सकारात्मक जवाब दिया है, और मुझे जो भी पद दिया जाएगा, मैं उसके साथ न्याय करूंगा.ह महाराष्ट्र के सियासी गलियारों में चर्चा है कि बबनराव घोलप पिछले कुछ वक्त से शिवसेना (यूबीटी) नेतृत्व से नाराज चल रहे थे. कहा जा रहा है कि वो शिरडी लोकसभा सीट से उद्धव ठाकरे की शिवसेना से उम्मीदवारी की उम्मीद में थे लेकिन इस सीट पर पार्टी ने भाऊसाहेब वाकचौरे को अपना उम्मीदवार बनाया है.**

### महाराष्ट्र में चुनाव से पहले उद्धव ठाकरे को झटका

**महाराष्ट्र में पिछले लंबे वक्त से उद्धव ठाकरे के साथ रहने वाले पूर्व मंत्री बबनराव घोलप ने शिवसेना (यूबीटी) का साथ छोड़ दिया. बबनराव घोलप ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की उपस्थिति में शिवसेना का दामन थाम लिया. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की उपस्थिति में शिवसेना में शामिल होने के बाद बबनराव घोलप ने उद्धव ठाकरे की पार्टी शिव सेना (यूबीटी) पर जमकर निशाना साधा. महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बबनराव घोलप ने कहा, ''शिव सेना (यूबीटी) ने मेरे साथ अन्याय किया है, उन्होंने मुझे पार्टी पद से हटा दिया.''**

बबनराव घोलप ने उद्धव ठाकरे की पार्टी शिवसेना (यूबीटी) पर जमकर हमला बोला. उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि उद्धव ठाकरे की पार्टी शिवसेना (यूबीटी) ने उनके साथ अन्याय किया है.

## नायर अस्पताल के हॉस्टल में लगी आग... कोई हताहत नहीं



**मुंबई :** मुंबई के नायर अस्पताल के छात्रावास में आग लग गई, एक अधिकारी ने कहा। एक अधिकारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही मुंबई फायर ब्रिगेड चार फायर ब्रिगेड गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। एक अधिकारी ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने या घायल होने की कोई खबर नहीं है। मुंबई फायर ब्रिगेड ने बताया कि आग बिजली की वायरिंग, इंस्टालेशन, बिस्तर, लकड़ी की अलमारी, किताबें, दस्तावेज और कपड़ों में लगी थी।

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### सियासी आबंटन की सरहदें

हिमाचल में सत्ता संग्राम की सीढ़ियों पर सामाजिक विवेचन की अद्भुत पहल भी देखी जा रही है। यहां मतदाता अपनी जातियों के आधार पर समूह और वर्ग पर केंद्रित सियासी काफिले बना रहे हैं। आश्चर्य यह कि हम विधानसभा क्षेत्रों में नए राजनीतिक आबंटन की सरहद पर खड़े हैं। शुरूआत कांगड़ा से हुई, तो कांग्रेस के सामने कई समूह बोलियां लगा रहे हैं। भाजपा के मापतौल पहले ही अपने अंकगणित को पूरा कर चुके हैं, लेकिन कांग्रेस के घर में जातिवाद की खिड़कियां आपस में झगड़ रही हैं। विधानसभा के धर्मशाला सीट पर कई जातियां और वर्ग कांग्रेस के सोच पर मंडरा रहे हैं। पहली बैठक गद्दी समुदाय की तरफ से हुई, तो कांग्रेस बनाम भाजपा के बीच यह वर्ग अपने सियासी वजूद की वेदना के साथ सामने खड़ा हो गया। अब ओबीसी समाज ने कांग्रेस की दीवारों पर हक जताते हुए पोस्टर चस्पां करके कई नाम उकेरे हैं। सत्ता से सामाजिक दायरों तक मापतौल का एक पैमाना चुनाव हो सकता है, लेकिन क्या हिमाचल अब इस रूप में पहचाना जाएगा। बेशक किसी भी समुदाय, जाति या गोत्र में पैदा होकर कोई व्यक्ति विभिन्न क्षेत्रों में अव्वल हो सकता है, लेकिन सत्ता का बंटवारा अब बहस का विषय है। स्वयं राहुल गांधी ने कांग्रेस के आधार को पिछड़ों, दलितों, वंचितों और अल्पसंख्यकों की शुमारी में आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है, तो इस तर्क पर हिमाचल में पार्टी के टिकट आबंटन पर असर पड़ सकता है।

पहले भी कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से चंद्र कुमार कांग्रेस की टिकट पर सांसद बन कर सामाजिक न्याय के प्रतीक रहे हैं। गद्दी समुदाय से किशन कपूर लोकसभा से हाल ही में निवृत्त हुए हैं। जातीय समीकरणों के आधार पर ही अगर टिकटें सुनिश्चित होतीं, तो प्रदेश को जीएस बाली जैसा नेता नहीं मिलता। यह भ्रम फैलाया जा रहा है कि नेता को जाति, वर्ग या समुदाय बनाता है। नगरोटा बगवां की लगभग आधी आबादी ओबीएस वर्ग से संबंध रखती है, लेकिन जीतने वाले के लिए जातियां दोयम साबित हो रही हैं। समाज वहां अगर सही नेतृत्व ढूंढते हुए जाति भूल रहा है, तो उसे सलाम। आश्चर्य यह कि हिमाचल में नेतृत्व के लिए सत्ता पक्ष ने दो ही जातियां आज तक उपयोगी मानी। सरकारों का इतिहास बताता है कि हिमाचल में सबसे अधिक बार राजपूत मुख्यमंत्री ही बने, जबकि दो बार ब्राह्मण वर्ग के शांता कुमार इस पद पर रहे। नेता तो अन्य जातियों, वर्गों और समुदाय में भी शक्तिशाली व पारंगत हुए, लेकिन इस राज्य की कमान उन्हें अब तक नहीं मिली। ओबीसी तथा गद्दी समुदाय से कई दिग्गज नेता हुए, लेकिन उनके मंत्रालय भी प्रभावशाली साबित नहीं हुए। राजनीति का बदलता परिदृश्य हिमाचली समाज की पेशकश में नेताओं का फिर से मुआयना कर रहा है। सर्वमान्य होने से पहले जो नेता जातियों या वर्गों की वर्दी पहनकर उछलकूद कर रहे हैं, उन्हें पहचाना जाए या जिन्होंने सीढ़ियां चढ़ते हुए यह साबित किया कि वे इस तरह की तफतीश से ऊपर हैं। गाहे-बगाहे हम चुनावों की परिपाटी में समाज के बीच अनावश्यक बंटवारे को देख लेते हैं। समाज को अब साधने और हांकने के लिए राजनीति नित नए बहाने ढूंढ रही है और इसकी विडंबना से हम ऐसे जनप्रतिनिधियों के पल्ले पड़ गए हैं, जो या तो परिवारवाद या जातिवाद की उपज हैं।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# संजय शिरसाट ने की राज ठाकरे से मुलाकात, गठबंधन को लेकर चर्चाएं तेज

**मुंबई:** महाराष्ट्र की राजनीति में पिछले कुछ दिनों से एक मुद्दा बहुत चर्चा का विषय बना हुआ है और वो है राज ठाकरे का महायुति के साथ गठबंधन। इसे लेकर बातचीत चल रही है, वहीं अब शिंदे गुट के विधायक संजय शिरसाट ने राज ठाकरे से मुलाकात की है। मिली जानकारी के



मुताबिक, यह मुलाकात राज ठाकरे के शिवतीर्थ पर हुई और कहा जा रहा है कि दोनों नेताओं के बीच करीब एक घंटे तक बातचीत हुई।

**बढ़ा मुलाकातों का दौर**

ऐसे में अब कहा जा रहा है कि इस बैठक में राजनीतिक चर्चा हुई है और संभावना जताई जा रही है कि गठबंधन पर भी चर्चा होगी। हालांकि, शिरसाट ने कहा है कि राज ठाकरे की मुलाकात में कोई राजनीतिक चर्चा नहीं हुई। देखा जा रहा है कि पिछले कुछ दिनों से राज ठाकरे और महायुति नेताओं के बीच मुलाकातें बढ़ती जा रही हैं।

**संजय शिरसाट ने कहा**

राज से मुलाकात के शिरसाट ने कहा से कहा कि, "राज ठाकरे और हमारे बीच पहले से ही एक खास रिश्ता है। मराठवाड़ा में जब भी शिवसेना प्रमुख की सभाएं होती थीं तो राज ठाकरे हमेशा बाला साहेब के साथ रहते थे। जैसा कि शिवसेना प्रमुख कहते हैं कि कोई मतभेद नहीं होना चाहिए, न तो उनके और न ही हमारे बीच कहीं कोई मतभेद है। मैं लंबे समय से राज ठाकरे से मिलना चाहता था, उनसे बातचीत करना चाहता था, इसलिए कोई राजनीतिक बातचीत नहीं हुई।" शिरसाट ने कहा कि हमने पुरानी यादों को ताजा करने का काम किया।

### राज की गठबंधन में शामिल होने की चर्चा

**लोकसभा चुनाव के पहले की हुई इस मुलाकात के बाद अब महाराष्ट्र में चर्चा चल रही है कि राज ठाकरे महागठबंधन में शामिल होंगे। गौरतलब हो कि राज ठाकरे ने दिल्ली दौरे पर सीधे अमित शाह से मुलाकात भी की थी। हालांकि, गठबंधन में शामिल होने को लेकर पिछले हफ्ते से ये चर्चा रुकी हुई है और ऐसे में अब शिंदे गुट के विधायक संजय शिरसाट सीधे राज ठाकरे से मिलने पहुंच गए हैं। इसलिए चर्चा शुरू हो गई है कि राज ठाकरे एक बार फिर से महागठबंधन में शामिल होने जा रहे हैं। ऐसे में अब यह देखना होगा कि क्या वाकई राज ठाकरे गठबंधन में शामिल हो रहे है या नहीं।**

# पानी को लेकर विरोध प्रदर्शन... पोस्टर में लिखा- 'नो वॉटर, नो वोट...'




**मुंबई:** महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव को लेकर जहां सियासी दलों का प्रचार अभियान जोर शोर से जारी है, तो वहीं, जनता भी अपनी मांगों को लेकर अब सड़कों पर उतरना शुरू कर दी है. महाराष्ट्र के पुणे में लोगों ने लोकसभा चुनाव में मतदान के बहिष्कार का एक तरह से ऐलान किया. पुणे के शिवाजी नगर के खैरेवाड़ी इलाके में लोगों ने पानी की समस्या को लेकर विरोध प्रदर्शन किया. इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं भी मौजूद रहीं. पुणे के शिवाजी नगर के खैरेवाड़ी इलाके में लोगों ने पानी नहीं तो वोट नहीं के बैनर लेकर राजनीतिक पार्टियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया. लोगों का कहना था कि जबतक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता है लोग चुनाव का बहिष्कार करने का मन बना चुके हैं.

**पुणे के शिवाजीनगर में पानी को लेकर प्रदर्शन**

महाराष्ट्र में पुणे के शिवाजी नगर के खैरेवाड़ी इलाके में निवासियों ने 'नो वाटर नो वोट' का बैनर लगाया. इस दौरान सभी लोग सड़कों पर उतरकर पानी नहीं तो वोट नहीं के नारे लगाए. इस इलाके के लोगों ने अपर्याप्त जल आपूर्ति को लेकर विरोध प्रदर्शन किया. लोगों ने चेतावनी देते हुए कहा कि उनकी समस्याओं को जल्द से जल्द समाधान किया जाए. अगर ऐसा नहीं होता है तो वो चुनाव में वोट नहीं डालेंगे. पुणे के शिवाजी नगर के खैरेवाड़ी इलाके के लोगों का आरोप है कि उनके इलाके में अपर्याप्त वाटर सप्लाई है, जिसकी वजह से उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. महाराष्ट्र में लोकसभा की कुल 48 सीटें हैं. राज्य में सभी सीटों पर कुल पांच चरणों में वोट डाले जाएंगे. पहले चरण यानी 19 अप्रैल को रामटेक, नागपुर, भंडारा-गोंदिया, गढ़चिरौली-चिमूर और चंद्रपुर में मतदान है. पुणे में चौथे चरण यानी 13 मई को वोटिंग है. चौथे चरण में पुणे के अलावा जलगांव, नंदुरबार, रावेर, जालना, औरंगाबाद, मावल, शिरूर, अहमदनगर, शिरडी और बीड लोकसभा सीट पर मतदान होंगे.

# वसई में चालक के कार से नियंत्रण खो देने से कार सड़क किनारे पलट गई... 6 लोग घायल




**वसई :** महाड-विन्हेरे रोड पर वसई से विन्हेरे जा रहे एक चार पहिया वाहन का एक्सीडेंट हो गया। चालक के कार से नियंत्रण खो देने से कार सड़क किनारे पलट गई। इस हादसे में छह लोग घायल हो गये. वसई से कुछ यात्री कार से विन्हेरे जा रहे थे. इस बीच, शुक्रवार की सुबह करीब एक बजे महाड के पास शिरगांव ग्राम पंचायत क्षेत्र में गोमंतक होटल के पास सड़क पर अचानक मवेशी आ जाने से तेज रफ्तार कार के चालक ने तुरंत कार ब्रेक लगा दी. लेकिन इस ब्रेक से कार सड़क पर जाकर पलट गई और पेड़ों में फंस गई.

सागर वसंत गुंजल (उम्र 30), रोशन कृष्ण मोहन त्रिपाठी (उम्र 28), सोनू राजाराम पटेल (उम्र 30), राजेश मुकुंद निर्भवते (उम्र 50), पंकज प्रकाश पवार (उम्र 50) और देवदत्त वासुदेव घाटी (उम्र 30) घायल हैं। और उन्हें इलाज के लिए महाड के एक ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# ठाणे जिले में बच्चों को नमकीन खरीदने के लिए पैसे देने पर एक व्यक्ति की पिटाई...

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में बच्चों को नमकीन खरीदने के लिए पैसे देने पर एक व्यक्ति की पिटाई का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में शुक्रवार को दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। यह घटना उस समय हुई जब शिकायतकर्ता भिवंडी इलाके में एक दरगाह जा रहा था। इस दौरान दो बच्चे शिकायतकर्ता के पास आए और उससे नमकीन खरीदने के लिए पैसे मांगे। यह घटना उस समय हुई, जब 25 वर्षीय शिकायतकर्ता भिवंडी इलाके में एक दरगाह जा रहा था। इस दौरान दो बच्चे शिकायतकर्ता के पास आए और उससे नमकीन खरीदने के लिए पैसे मांगे। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों ने पीड़िता को यह बताने के लिए बाध्य किया कि उसने बच्चों को पैसे क्यों दिए हैं।

पुलिस ने बताया कि इस दौरान दोनों ने कथित तौर पर पीड़िता को लकड़ी की छड़ी और बेल्ट से पिटाई कर दी। पुलिस ने दोनों की पहचान अमीर कुरैशी और आरिफ कुरैशी के रूप में की है। अधिकारी ने आगे कहा कि पीड़ित का इलाज एक स्थानीय अस्पताल में किया जा रहा। उन्होंने आगे बताया कि आरोपियों के खिलाफ खतरनाक हथियारों या साधनों से जानबूझकर चोट पहुंचाने का मामला दर्ज किया है।



# मुंबई नॉर्थ में पीयूष गोयल को नागरिक घोषणापत्र सौंपा

**मुंबई:** रहेजा एस्टेट एसोसिएशन और मुंबई मार्च, एक जनसमूह ने शुक्रवार को वाणिज्य और उद्योग मंत्री और दहिसर, मगाथेन, बोरीवली, कांदिवली, मलाड और गोरेगांव वाले मुंबई उत्तर निर्वाचन क्षेत्र के लिए भाजपा उम्मीदवार पीयूष गोयल को अपना नागरिक घोषणापत्र सौंपा। घोषणापत्र में पर्यावरण, बुनियादी ढांचे और झुग्गी पुनर्वास से संबंधित चिंताओं पर प्रकाश डाला गया है। 17.75 लाख मतदाताओं के साथ, मुंबई उत्तर मुंबई के छह लोकसभा क्षेत्रों में सबसे बड़ा है। मुंबई मार्च से गोपाल झावेरी ने सिंगापुर की सार्वजनिक आवास प्रणाली के समान मॉडल की वकालत करते हुए उपेक्षित झुग्गी पुनर्वास योजनाओं (एसआरए) के महत्वपूर्ण मुद्दे पर जोर दिया। उन्होंने मुंबई के स्लम मुक्त होने तक स्लम पुनर्विकास में बिक्री योग्य घटक को कम करने का प्रस्ताव रखा।

झावेरी ने सरकार से बीएमसी की सावधि जमा, म्हाडा, केंद्र सरकार और प्रधान मंत्री आवास योजना सहित विभिन्न स्रोतों से उपलब्ध धन का लाभ उठाते हुए, झुग्गी सुधार की पूरी जिम्मेदारी लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि राज्य एजेंसियों, म्हाडा या एमएमआरडीए को सिंगापुर जैसे सफल मॉडल से प्रेरणा लेते हुए, 1400 क्लस्टरों में 20 लाख फ्लैटों वाली 4,000 इमारतें विकसित करनी चाहिए। झावेरी ने कहा कि मौजूदा एसआरए योजना के तहत पिछले 30 वर्षों में केवल दो घरों का निर्माण किया गया है। इस गति से, मुंबई को झुग्गी मुक्त होने में 230 साल लगेंगे।





40 मुख्य सदस्यों और 1,000 से अधिक स्वयंसेवकों को शामिल करते हुए, मुंबई मार्च टीम पिछले पांच वर्षों से सिंगापुर मॉडल और यूएन हैबिटेट रिपोर्ट को संदर्भ के रूप में उपयोग करके इस पहलू पर काम कर रही है।

संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान (एसजीएनपी) में आदिवासी पुनर्वास को भी घोषणापत्र में जगह मिली है। झावेरी ने कहा कि पानी और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं तक पहुंच के बिना पार्क के भीतर 20 एकड़ भूमि पर रहने के बावजूद, आदिवासियों को उच्च न्यायालय द्वारा अतिक्रमी माना जाता है, हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने उनके निष्कासन पर रोक लगा दी है।इसके अतिरिक्त, 320 एकड़ भूमि पर, प्लास्टिक प्रदूषण, शराब की खपत, शोर और वाहन उत्सर्जन जैसे मुद्दों के कारण मनुष्यों और जानवरों के बीच संघर्ष होता है। झावेरी ने बेहतर संगठित आवास के लिए उन्हें 50 एकड़ भूमि पर स्थानांतरित करने के लिए वन विभाग के साथ सहयोग करने का प्रस्ताव रखा। मुंबई मार्च ने चारकोप में टर्जन हिल और झील को संरक्षित करने के लिए पारिस्थितिक रूप से महत्वपूर्ण और तनावग्रस्त स्थल की सुरक्षा के महत्व को रेखांकित किया है। ''कोविड के बाद इस जगह पर अतिक्रमण में वृद्धि देखी गई है। यह क्षेत्र प्रवासी पक्षियों के आवास के रूप में कार्य करता है, कई सरीसृपों और यहां तक कि गोल्डन जैकल का भी आवास है, ''उन्होंने मांग की कि इस क्षेत्र को मुंबई पक्षी अभयारण्य घोषित किया जाना चाहिए।

झावेरी ने कहा, गोरेगांव में डिंडोशी पहाड़ी ओशिवारा/वलभट नदियों के उद्गम स्थल के रूप में कार्य करती है, लेकिन वर्तमान में यह बिल्डरों द्वारा अतिक्रमण का सामना कर रही है। इस क्षेत्र को 2014-34 की बीएमसी विकास योजना में नो डेवलपमेंट जोन (एनडीजेड) के रूप में नामित किया गया है और यहां तेंदुओं की आबादी रहती है। उन्होंने कहा, ''इस पहाड़ी की अखंडता को संरक्षित करना महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसके परिदृश्य में कोई भी बदलाव भविष्य में बाढ़ का बड़ा खतरा पैदा कर सकता है।'' बोरीवली निवासी और मुंबई मार्च का हिस्सा अविनाश थवानी ने कहा कि पिछले पांच दशकों से, शहर को अपनी विकास योजनाओं में 1967, 1991 से लेकर नवीनतम 2014-34 ब्लूप्रिंट तक की महत्वपूर्ण लापता कड़ियों का सामना करना पड़ा है।

# नाम बदलकर दोस्ती की फिर शादी का झांसा देकर किया रेप...

**अकोला:** 31 साल की युवती के साथ रेप का मामला सामने आया है. पीड़िता का आरोप है कि नाम बदलकर युवक ने पहले उससे दोस्ती की फिर शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार रेप किया. पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पीड़िता ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि आरोपी ने नाम बदलकर उससे दोस्ती की और एक होटल ले गया. जहां उसके साथ रेप किया और उसके कुछ अश्लील फोटो बनाए और ब्लैकमेल कर उसके साथ



रेप करता रहा. पीड़िता के मुताबिक मोहसिन इब्राहिम सूर्या (उम्र 35 वर्ष) ने उसके साथ अत्याचार कर रहा था. पीड़िता दिल्ली की रहने वाली है और वो मुंबई किसी के सिलसिल में आई थी. जहां उसकी मुलाकात सूर्या नाम के युवक से हुई थी. बाद में जब उसकी असलियत का पता चला तो वह मोहसिन इब्राहिम निकाला. धोखो देकर उसने कई बार शारीरिक संबंध बनाए. आरोपी ने पीड़िता से शादी का वादा भी किया था लेकिन बाद में वह पलट गया था. वहीं पुलिस का कहना है कि पीड़िता का मेडिकल करवा कर जांच शुरू कर दी है. घटना के बाद से आरोपी फरार है पुलिस उसने पकड़ने का प्रयास कर रही है. आरोपी के खिलाफ धारा 376, 376(2एन), 506 नंबर के तहत मामला दर्ज किया गया है.

## नाम बदलकर दोस्ती की फिर शादी का झांसा देकर किया रेप

**अकोला:** 31 साल की युवती के साथ रेप का मामला सामने आया है. पीड़िता का आरोप है कि नाम बदलकर युवक ने पहले उससे दोस्ती की फिर शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार रेप किया. पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पीड़िता ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि आरोपी ने नाम बदलकर उससे दोस्ती की और एक होटल ले गया. जहां उसके साथ रेप किया और उसके कुछ अश्लील फोटो बनाए और ब्लैकमेल कर उसके साथ रेप करता रहा. पीड़िता के मुताबिक मोहसिन इब्राहिम सूर्या (उम्र 35 वर्ष) ने उसके साथ अत्याचार कर रहा था.

# पनवेल में अवैध रूप से चल रहे चार डंपरों के खिलाफ कार्रवाई...

## सिडको की कार्रवाई !

**पनवेल:** सिडको कॉर्पोरेशन के सतर्कता विभाग ने पनवेल तालुका के कुंडेवहल गांव के पास अवैध रूप से चल रहे चार डंपरों के खिलाफ कार्रवाई की है। नवी मुंबई एयरपोर्ट प्रोजेक्ट से सटी सिडको की जमीन पर अवैध रूप से बड़ी मात्रा में राडार फिलिंग का काम किया जा रहा है. कई गिरोह सक्रिय हैं जो मुंबई से राडारोडा लाकर पनवेल इलाके में छोड़ देते हैं। सिडको बोर्ड के अधिकारी इस संबंध में कई बार बाकायदा मामले दर्ज करा चुके हैं. हालांकि, पुलिस अभी तक इस गिरोह के सरगना को नहीं पकड़ पाई है.




शोर स्वास्थ्य संबंधी खतरों के साथ-साथ पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचा सकता है। इसलिए, सिडको बोर्ड पिछले साल से इस क्षेत्र में स्ट्रीट वेंडरों पर नियंत्रण कर रहा है। सिडको बोर्ड ने बताया कि यह कार्रवाई सिडको बोर्ड के सतर्कता विभाग के मुख्य सतर्कता अधिकारी सुरेश मेंगड़े के नेतृत्व में सतर्कता विभाग, सिडको के सुरक्षा विभाग, इंजीनियरिंग विभाग और पुलिस विभाग के समन्वय से की गई। गुरुवार दोपहर दो बजे जब सिडको की विजिलेंस टीम कुंडेवाल क्षेत्र में घूम रही थी, तभी उन्होंने देखा कि 2 से 4 बजे के बीच सूमरस सर्वे नंबर 37 पर जेसीबी और डोजर की मदद से सड़क समतलीकरण का काम चल रहा था. दोपहर के एक बजे. सिडको अधिकारियों ने यहां से 34 वर्षीय डंपर चालक बब्लू यादव (कुर्ला मुंबई), 39 वर्षीय राकेश कुमार सोनकर (मानखुर्द मुंबई) को डंपर समेत हिरासत में लिया। साथ ही जेसीबी और डोजर के दो डंपर चालक और परिचालक यहां से भाग निकले। इस संबंध में पनवेल सिटी पुलिस स्टेशन में बाकायदा शिकायत दर्ज कराई गई है. सिडको बोर्ड के जनसंपर्क विभाग ने सिडको की वेबसाइट http://www.cidco.maharashrta.gov.in पर सिडको क्षेत्र में अनधिकृत अतिक्रमणकारियों के बारे में जानकारी देने की अपील की है।

# एमएनएस की शिवाजी पार्क में गुड़ी पड़वा का आयोजन

**मुंबई :** लोकसभा चुनाव का महासंग्राम शुरू हो चुका है और पहले चरण के मतदान में अब कुछ ही दिन बचे हैं. पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को है. सभी राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों की सूचियां जारी हो रही हैं लेकिन मनसे इस लड़ाई में कहीं नजर नहीं आ रही है. इसलिए तरह-तरह की चर्चाएं उठीं. लेकिन अब एमएनएस और राज ठाकरे दोनों सक्रिय हैं और 9 तारीख गुड़ी पड़वा के दिन एमएनएस की बैठक होगी. मनसे नेता प्रकाश महाजन ने बताया कि यह चुनाव जटिल और पेचीदा है, इसलिए राज साहब इसके बारे में सोच रहे होंगे, जब राज साहब शांत होते हैं तो ज्यादा सोचते हैं.

9 तारीख को एमएनएस ने शिवाजी पार्क में गुड़ी पड़वा का आयोजन किया है. लोकसभा चुनाव की पृष्ठभूमि में हो रहे इस गुड़ी पड़वा मेले में राज ठाकरे



क्या कह रहे हैं, इस पर सबकी नजर है. इस पर मनसे नेता प्रकाश महाजन ने भी प्रतिक्रिया दी है. चर्चा है कि सभी पार्टियां लोकसभा रण की तैयारी कर रही हैं, लेकिन मनसे चुप है. उन्होंने कहा, 'हम शांत नहीं हैं, लेकिन राज ठाकरे पड़वा की बैठक में चुनाव को लेकर फैसले की घोषणा करेंगे. 14 सीटें गईं तो भी 34 सीटें रहेंगी, पार्टी ने निर्देश दिया है कि राज साहब ही इस संबंध में निर्देश देंगे. ' इस बीच राज ठाकरे ने दिल्ली जाकर बीजेपी नेता अमित शाह से मुलाकात की. उनसे चर्चा की गई. बाद में राज ने मुंबई में मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री से चर्चा की. उसके बाद राज ठाकरे दोबारा राजनीतिक चर्चाओं में नहीं दिखे. ऐसे में राज ठाकरे को लेकर सस्पेंस बढ़ गया है.

लोगों के मन में इस बात को लेकर भ्रम है कि आखिर एमएनएस की भूमिका क्या है. उस पर भी महाजन ने सफाई दी. उन्होंने कहा, ''जनता में कोई भ्रम नहीं है, मीडिया में भ्रम है, हम हर जगह घूम रहे हैं, यह चुनाव बहुत जटिल और जटिल है, इसलिए राज साहब इसके बारे में सोच रहे होंगे, जब राज साहब शांत हैं, तो वह और अधिक सोच रहे हैं।'' . अमित शाह और राज साहब के बीच मुलाकात उच्च स्तर पर है. उन्होंने कहा, ''हमें इस बारे में जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन अगर कुछ सकारात्मक चर्चा हुई है तो वह सही समय पर सामने आएगी.'' उन्होंने कहा, ''मैं इस बात को लेकर भी उत्सुक हूं कि 9 तारीख को राज साहब क्या कहेंगे.'' जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं, कांग्रेस को एक के बाद एक बड़े झटके लग रहे हैं। कांग्रेस से कई बड़े नेता, कार्यकर्ता, पदाधिकारी निकल रहे हैं. इस पर बोलते हुए महाजन ने कांग्रेस की आलोचना की. कांग्रेस एक टूटा हुआ घर है. कांग्रेस से बाहर निकलने की होड़ मची है. कांग्रेस का दरवाजा अधखुला है तो बाहर निकलने में भगदड़ मची हुई है. उन्होंने कहा कि भारी हार से बचने के लिए कोई भी खड़ा होने को तैयार नहीं है.

इस बीच राज ठाकरे ने दिल्ली जाकर अमित शाह से मुलाकात की. राज ठाकरे ने पहली बार दिल्ली जाकर बीजेपी नेताओं से गठबंधन पर बातचीत की. इसके अलावा राज ठाकरे ने पहली बार सीधे तौर पर गठबंधन की राजनीति शुरू की थी. अमित शाह से मुलाकात के बाद उन्होंने मुंबई में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस से बातचीत की. चर्चा है कि एमएनएस ने गठबंधन से तीन सीटों की मांग की थी. हालाँकि, उसके बाद कुछ नहीं हुआ. गठबंधन की कोई बैठक भी नहीं हुई. राज ठाकरे ने भी मीडिया के सामने कोई टिप्पणी नहीं की. इसलिए कहा जा रहा है कि गुड़ी पड़वा की सभा में राज ठाकरे के दिल्ली और मुंबई में क्या हुआ, इस पर बोलने की ज्यादा संभावना है.




# वसई में एक व्यक्ति ने पैसों के विवाद में सहकर्मी की हत्या कर की, गिरफ्तार




**मुंबईः** पुलिस ने शुक्रवार को वसई पूर्व में वित्तीय विवाद को लेकर अपने सहकर्मी की हत्या करने के आरोप में 27 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान बलराम बलिराम के रूप में हुई है. मामला तब सामने आया जब पेल्हार पुलिस को वसई पूर्व निवासी 41 वर्षीय ब्रिजेश चौरसिया का शव मिला, जो पास की एक फैक्ट्री में काम करता था। ''17 जनवरी को, उन्हें धानिव पंढरीपाड़ा में खदान में एक शव पाए जाने की सूचना मिली थी। पेल्हार पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक जितेंद्र वनकोटी ने कहा, मौके पर पहुंचने पर उन्हें 41 वर्षीय एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला।

चूंकि मृतक का सिर कुचला हुआ था और कोई प्रत्यक्षदर्शी नहीं था, इसलिए पुलिस ने आकस्मिक मृत्यु रिपोर्ट (एडीआर) दर्ज की और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए दे दिया। जांच के दौरान, पुलिस ने माना कि मृतक फिसल गया, गिर गया और चट्टानों पर उसका सिर टूट गया क्योंकि घटना का कोई प्रत्यक्षदर्शी नहीं था। चौरसिया की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद इस बात की पुष्टि हो गई कि उनकी हत्या की गई है। इसके बाद पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

मंगलवार को पुलिस ने मृतक की बहन सारिका का बयान दर्ज किया, जिसने उन्हें बताया कि उसका भाई आरोपियों के साथ कुछ पैसों के लेन-देन को लेकर परेशान था। पुलिस ने उसके वित्तीय लेनदेन का पता लगाया और पता चला कि उसने अपने सहयोगी बलिराम को 55,000 दिए थे। अधिकारियों ने बलिराम का पता लगाया और उसे पेल्हार स्थित उसके घर से हिरासत में ले लिया। बलिराम ने पुलिस को बताया कि दिसंबर में उसने 55,000 उधार लिए थे और 22,000 लौटा दिए थे।


''उसने कहा कि चौरसिया ने उसे अपने दोस्त की दुकान पर बुलाया था और उससे एक स्टाम्प पेपर पर हस्ताक्षर कराया था जिसमें लिखा था कि उस पर उसका 3 लाख बकाया है। जब उन्होंने ऐसा करने से इनकार कर दिया, तो चौरसिया ने उन्हें रोका और उनके साथ मारपीट की, ''एक अन्य अधिकारी ने कहा। अधिकारी ने कहा, बलिराम, जो गुस्से में था और बदला लेना चाहता था, ने चौरसिया को खदान में बुलाया और पत्थर से उसका सिर कुचल दिया और उसे चट्टान से खदान में धकेल दिया। वनकोटी ने कहा, ''हमने बलिराम को हत्या के लिए भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत गिरफ्तार कर लिया है और आगे की जांच कर रहे हैं।''

# उल्हासनगर में फर्जी डॉक्टर के क्लिनिक पर नगर निगम का छापा... थाने में मामला दर्ज




**उल्हासनगर :** उल्हासनगर नगर निगम के चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई छपेमारी में कर्नाटक में एक बीएचएमएस धारक डॉक्टर ने महाराष्ट्र होम्योपैथी परिषद से पंजीकरण प्रमाणपत्र के बिना क्लिनिक शुरू किया। दिलचस्प बात यह है कि यह बिना नेमप्लेट वाला 8 बिस्तरों वाला अस्पताल है और डॉक्टर के खिलाफ हिललाइन पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग को शिकायत मिली थी कि डॉ. भरत कुमार जयसवाल जीवनघोट हॉल के सामने कैंप नंबर 5 सेक्शन 40 में फर्जी मेडिकल कारोबार चला रहे हैं. आयुक्त अजीज शेख एवं उपायुक्त डॉ. के निर्देशानुसार. डॉ. सुभाष जाधव, चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी. मोहिनी धर्मा, चिकित्सा अधिकारी डॉ. पल्लवी पगारे ने पुलिस प्रतिष्ठान पर छापा मारा। जांच में डॉ. भरत कुमार जयसवाल कर्नाटक से बीएचएमएस हैं। धारक और यह पता चला है कि उनके पास महाराष्ट्र काउंसिल ऑफ होम्योपैथी का पंजीकरण प्रमाण पत्र नहीं है। दिलचस्प बात यह है कि अस्पताल पर कोई नेमप्लेट नहीं थी, लेकिन अंदर 8 बेड थे और मरीजों को भर्ती करने की व्यवस्था थी। इस मामले में डॉ. जयसवाल के खिलाफ हिललाइन पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है. कमिश्नर अजीज शेख ने बताया कि शहर में झोलाछाप डॉक्टरों की तलाश कर उनके खिलाफ केस दर्ज कराने के लिए अभियान चलाया जाएगा।

# गोवंडी इलाके के शताब्दी अस्पताल में ईसीजी तकनीशियनों की कमी, मरीजों की दुर्दशा



**मुंबईः** पूर्वी उपनगर के गोवंडी इलाके में नगर निगम के शताब्दी अस्पताल में ईसीजी तकनीशियन का पद पिछले पांच-छह महीने से खाली है. नतीजतन, शताब्दी अस्पताल में आने वाले मरीजों को ईसीजी कराने के लिए निजी अस्पताल की ओर भागना पड़ता है। वर्तमान में, शताब्दी अस्पताल के अन्य विभागों के निजी अनुबंध कर्मचारियों की मदद से केवल गंभीर रोगियों के लिए ईसीजी लिया जा रहा है।

गोवंडी, शिवाजी नगर, मानखुर्द, चेंबूर और देवनार इलाकों से हर दिन 500 से 600 मरीज चिकित्सा उपचार के लिए शताब्दी अस्पताल आते हैं। लेकिन पिछले कुछ महीनों से इस अस्पताल में मरीजों को डॉक्टरों और कर्मचारियों की अपर्याप्त संख्या, दवाओं की कमी जैसी कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है. इसके अलावा ईसीजी तकनीशियन का पद पिछले पांच-छह माह से रिक्त है. नतीजतन, शताब्दी अस्पताल में तकनीशियनों की कमी के कारण मरीजों को दूसरे अस्पतालों की ओर भागना पड़ता है क्योंकि वहां ईसीजी लेने की सुविधा नहीं है। शताब्दी अस्पताल शिव-पनवेल राजमार्ग, घाटकोपर-मानखुर्द रोड और ईस्ट फ्रीवे के निकट है। नतीजा यह है कि दुर्घटना होने पर सबसे पहले घायलों को शताब्दी अस्पताल में भर्ती कराया जाता है। इसके बाद उन्हें शिव या केईएम अस्पताल भेजा जाता है। लेकिन यहां ईसीजी तकनीशियन नहीं होने के कारण मरीजों को काफी परेशानी हो रही है। इस संबंध में मरीजों की कई शिकायतों के बाद वहां दूसरे विभागों के निजी संविदा कर्मचारियों द्वारा मरीजों की ईसीजी की जा रही है। लेकिन चूंकि यह टेक्नीशियन पुरुष है, इसलिए आपात स्थिति में महिलाओं को निजी अस्पतालों में जाना पड़ता है। इसलिए नागरिकों की मांग है कि नगर पालिका इस ओर तुरंत ध्यान दे और तकनीशियन की भर्ती करे.

# नासिक जिले में पानी की कमी... दो लोगों की कुएं में गिरने से मौत!



**मालेगांवः** सूखे के कारण नासिक जिले सहित मालेगांव तालुका में अभाव ने विकराल रूप धारण कर लिया है और तालुका के जोडगे में अभाव के कारण मिलेकी की मौत हो गई है. पानी लेने गये दोनों कुएं में गिर गये और उनकी मौत हो गयी. मिलेकी के नाम निताबाई जाधव (47) और इचमानी जाधव (16) हैं। मालेगांव तालुका के मालमाथा क्षेत्र में कमी अधिक गंभीर है। मालमथ्या पर जोज क्षेत्र में 20 दिनों के बाद पेयजल आपूर्ति की जा रही है। गाँव के अधिकांश कुएँ नीचे पहुँच चुके हैं और जिन कुओं में थोड़ा पानी उपलब्ध है, गाँव की महिलाओं को बर्तन और कपड़े धोने के लिए वहीं जाना पड़ता है। पशुपालकों को भी अपने पशुओं की प्यास बुझाने के लिए खेतों में बने कुओं पर जाना पड़ता है।

नीताबाई और उनकी बेटी इछमनी अपने कपड़े धोने और पानी भरने के लिए शिवरा के एक कुएं पर गई थीं। कुछ देर बाद उधर से गुजर रही चरवाहा महिला ने देखा कि मिलेकी कुएं में गिर गई है। महिला द्वारा सूचना देने के बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया. बचाव कार्य में देरी के कारण दोनों को बचाया नहीं जा सका. मिलेकी कुएं में कैसे गिरी, इसकी सटीक जानकारी पुलिस के पास भी नहीं है. रस्सी की बाल्टी के सहारे कुएं से पानी निकालते समय संभव है कि पैर फिसलने से दोनों में से एक पानी में गिर गया हो और दूसरा उसे बचाने के लिए कुएं में कूद गया हो। मालेगांव तालुका पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है.

# पुलिसकर्मी ने खुद को मारी गोली... लाश पोस्टमार्टम के लिए भेजा



**पुणे :** पुणे पुलिस बल से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। एक पुलिसकर्मी ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। यह घटना आज (5 अप्रैल) सुबह सामने आई है। इस पुलिसकर्मी का नाम भरत दत्त असमर है। खड़क पुलिस स्टेशन के अंतर्गत पुलिस चौकी पर स्थित टॉयलेट में पुलिस ने आत्महत्या कर ली है। रात में ड्यूटी के दौरान उन्होंने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से पुणे पुलिस बल में भारी गमगीन माहौल है। पुलिसकर्मी ने आत्महत्या क्यों की? इस बारे में अभी तक कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

# अंधेरी पुलिस ने लड़की के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोप में एक युवक को किया गिरफ्तार



**मुंबईः** अंधेरी पुलिस ने शुक्रवार को एक युवा, सक्रिय लड़की का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में एक 19 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया। पीड़िता के घूमने फिरने का फायदा उठाकर आरोपी ने उसके साथ मारपीट की। पीड़ित लड़की गर्भवती है और आरोपी के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम और बलात्कार के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पीड़िता अपने परिवार के साथ रहती है. आरोपी ने नवंबर 2023 में पीड़ित लड़की को घर बुलाया और उसके साथ बलात्कार किया। हाल ही में जब पीड़िता को डॉक्टर के पास ले जाया गया तो पता चला कि वह ढाई महीने की गर्भवती है. जब लड़की से इस बारे में पूछा गया तो उसने गिरफ्तार आरोपियों द्वारा की गई यातना के बारे में परिवार को बताया. पीड़िता की मां ने अंधेरी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है. पुलिस ने रेप और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया और उसके बाद शुक्रवार को आरोपी को अंधेरी इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया. पीड़ित बच्ची की कुपर अस्पताल में मेडिकल जांच करायी गयी. पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है.

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com